दिनांक 02.07.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के शिक्षा अधिकारी श्री वाई.आर.के.राव ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन से जारी निर्देशानुसार नगर पालिक निगम, भिलाई के अंतर्गत कार्यरत् व्याख्याता, शिक्षक एवं सहायक शिक्षक (नगरीय निकाय) के संविलियन कार्यवाही हेतु 08 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों की वरिष्ठता सूची 01.07.2018 की स्थिति में निगम मुख्य कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा किया गया है।

इसमें किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो 04.07.2018 को संध्या 5 बजे तक इसकी जानकारी निगम मुख्य कार्यालय के शिक्षा विभाग में अनिवार्यतः प्रस्तुत करेंगे। विलंब से की गई आपत्ति पर किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी निगम प्रशासन की नहीं होगी।

....

स्मार्ट कार्ड बनाने का कार्य निगम क्षेत्र में जारी 02 जुलाई तक 8634 हितग्राहियो के स्मार्ट कार्ड बनाए गए।

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के.एल.चौहान के निर्देश पर राष्ट्रीय एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत छुटे हुए परिवारों का स्मार्ट कार्ड बनाये जाने का कार्य सभी जोन कार्यालय के अंतर्गत किया जा रहा है। 02 जुलाई तक सभी जोन में स्वास्थ्य विभाग मितानिन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा 8634 पात्र हितग्राहियों का आवेदन फार्म जमा कराया गया है।

निगम द्वारा शिविर के लिए वार्डवार प्रचार-प्रसार निर्धारित तिथि अनुसार कराया जा रहा है। प्रत्येक वार्ड में शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का प्रारम्भ 21 जून से 17 अगस्त 2018 तक निगम क्षेत्र के सभी 06 जोन कार्यालय के अंतर्गत किया जायेगा।

जन सम्पर्क अधिकारी